# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/ए0आर0/3847
दिनांक : 27.09.2025

### विज्ञप्ति

परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 24.09.2025 के मद संख्या–4 में निम्नवत निर्णय लिया गयाः–

परीक्षा समिति द्वारा प्रकरण पर व्यापक विचार विमर्श के उपरान्त व्यापक छात्रहित में ऐसे एन0ई0पी0 स्नातक छात्र जिन्होंने वर्ष 2025 में अपने तीन वर्ष पूर्ण कर लिये गये है को स्पेशल परीक्षा हेतु अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया। चूंकि विषम सेमेस्टर परीक्षायें माह नवम्बर के मध्य से आरम्भ होनी प्रस्तावित है इसलिए विषय सेमेस्टर हेतु बैक पेपर परीक्षा आयोजित कराये जाने का कोई औचित्य नहीं है। छात्रों को द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर क्रमशः चतुर्थ एवं छठे सेमेस्टर के साथ प्राप्त हो चुका है इसलिये छात्रों को केवल छठे सेमेस्टर में बैक पेपर परीक्षा हेतु सम्मिलित कराना छात्रहित में उचित है। इस सम्बन्ध में परीक्षा समिति द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिये गयेः–

1. केवल सत्र 2022–23 में प्रविष्ट एन0ई0पी0–2020 के अंतर्गत संचालित बी0ए0/बी0एससी0/बी0काम छात्र जिन्होंने सत्र 2024–25 में तीन वर्षो का पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया है के लिए स्पेशल परीक्षा आयोजित करायी जाये।
2. छात्रों को केवल छठे सेमेस्टर के किसी एक मेजर विषय अथवा माईनर विषय अथवा को–करिकुलर विषय का परीक्षा फार्म भरने की अनुमति प्रदान की जायेगी। चूंकि कौशल विकास पाठ्यक्रम एवं माईनर रिसर्च प्रोजेक्ट की परीक्षायें/मूल्यांकन महाविद्यालयों/सम्बन्धित विभागों द्वारा ही किया जाता है। इसलिए मेजर, माईनर एवं को–करिकुलर विषय के साथ कौशल विकास पाठ्यक्रम एवं माईनर रिसर्च प्रोजेक्ट को परीक्षा फार्म भी भरना अनुमत होगा। महाविद्यालयों/विभागों को कौशल विकास पाठ्यक्रम एवं माईनर रिसर्च प्रोजेक्ट के अंक विश्वविद्यालय को निर्धारित अवधि तक प्रेषित करने अनिवार्य होगें।
3. सत्र 2022–25 के एन0ई0पी0 स्नातक छात्रों के अलावा अन्य किसी पाठ्यक्रम/सत्र के छात्रों हेतु विशेष परीक्षा आयोजित नहीं करायी जायेगी।

उक्त निर्णय के अनुपालन में परीक्षा फार्म ऑनलाईन माध्यम से निम्नलिखित तिथियों में भरे जायेगेः–

- ऑनलाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि — 28.09.2025
- परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि — 05.10.2025
- परीक्षा फार्म सत्यापित करने की अन्तिम तिथि — 06.10.2025
- परीक्षा विभाग में सत्यापित परीक्षा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि — 07.10.2025

परीक्षायें दिनांक 14.10.2025 एवं 16.10.2025 को आयोजित करायी जायेगी इसलिए उपर्युक्त तिथियों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

01. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष / समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. व्यैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
04. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
05. व्यैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06. उप कुलसचिव / प्रभारी (गोपनीय)।
07. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग / कमेटी सैल / बी0एड0 सैल / व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
08. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
11. गार्डफाइल।

07/09/15

उप कुलसचिव (परीक्षा)